पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 06 जुलाई 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

सीयूईटी-यूजी के परिणाम शीघ्र घोषित करे एनटीए: अभाविप।

सीयूईटी-यूजी परिणाम में देरी से अकादमिक कैलेंडर होगा प्रभावित।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम शीघ्र घोषित करने की माँग करती है। सीयूईटी-यूजी का परीक्षा परिणाम विलंबित होने से विश्वविद्यालयों द्वारा पूर्व निर्धारित अकादमिक कैलेंडर प्रभावित हो रहा है।

ध्यातव्य है कि सीयूईटी-यूजी की परीक्षा 15 से 29 मई के मध्य आयोजित हुई थी, इसका परीक्षा परिणाम 30 जून के आसपास घोषित हो जाना था, आज 06 जुलाई हो गई है लेकिन एनटीए द्वारा प्रोवीजनल उत्तर कुंजिका (Provisional answer key) भी जारी नहीं हुई है । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को शीघ्र परीक्षा परिणाम घोषित करने चाहिए।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि देश के सभी विश्वविद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में समय से सत्र शुरू होना चाहिए। कोरोना की परिस्थितियों में शैक्षणिक सत्र अव्यवस्थित हो गये थे, वह अभी भी पूरी तरह व्यवस्थित नहीं हुआ है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की अव्यवस्थाओं तथा कुप्रबंधन से लगातार विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गई है।)